





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को शारजाह में बिआह वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी का अवलोकन किया। उन्होंने दुबई में पीयूष सिंह, को-फाउंडर एंड सीओओ विस्टास मीडिया कैपिटल से वन टू वन चर्चा की। साथ ही चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स में एग्जीबिशन हॉल का अवलोकन किया।

### मुख्यमंत्री ने शारजाह में बी-आह मुख्यालय का किया दौरा

# वेस्ट-टू-एनर्जी, हरित तकनीक और कचरा प्रबंधन में निवेश साझेदारी पर चर्चा

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित एआईएम कांग्रेस-2026 के दौरान शारजाह स्थित बी-आह मुख्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने बी-आह ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं उपाध्यक्ष खालिद अल हुरैमल के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, स्मार्ट सिटी विकास, सर्कुलर इकोनॉमी और आधुनिक कचरा प्रबंधन तकनीकों पर चर्चा हुई।

डॉ. यादव ने बी-आह की सुविधा का निरीक्षण किया, जहां विशेषज्ञों ने औद्योगिक कचरा, सीवेज कचरा, कचरा पुनर्प्रसंस्करण और अन्य अपशिष्ट पदार्थों के निपटान के लिए अपनाई जा रही अत्याधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने बी-आह ग्रुप को मध्य प्रदेश में नगर निगमों की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और वेस्ट-टू-एनर्जी परियोजनाओं में निवेश तथा तकनीकी साझेदारी के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश स्वच्छ ऊर्जा और सतत शहरी विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बी-आह की डिजिटल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित और सर्कुलर इकोनॉमी तकनीकें प्रदेश की स्मार्ट सिटी और स्वच्छ ऊर्जा योजनाओं के लिए उपयोगी साबित हो सकती हैं। डॉ. यादव ने बी-आह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी खालिद अल हुरैमल को वर्ष 2027 में भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने मध्य प्रदेश को बी-आह की वैश्विक विस्तार योजनाओं में प्रमुख गंतव्य के रूप में शामिल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध वास्तुकार जाहा हदीद द्वारा डिजाइन किए गए बी-आह के कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित और नेट-जीरो तैयार मुख्यालय का भी अवलोकन किया।

#### शारजाह चैंबर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन से भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित एआईएम कांग्रेस-2026 के दौरान शारजाह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं एक्सपो सेंटर के चेयरमैन अब्दल्ला सुल्तान अल ओवैस से सौजन्य भेंट की। इस दौरान मध्य प्रदेश और शारजाह के बीच आर्थिक साझेदारी मजबूत करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। डॉ. यादव ने अब्दल्ला सुल्तान अल ओवैस को वर्ष 2027 में भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने का आमंत्रण दिया। उन्होंने शारजाह चैंबर के साथ रणनीतिक आर्थिक साझेदारी विकसित करने और मध्य प्रदेश में व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भेजने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने दोनों क्षेत्रों के उद्यमियों के बीच क्षेत्र आधारित व्यापारिक बैठकों के आयोजन के लिए मध्य प्रदेश-शारजाह बिजनेस फोरम बनाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि शारजाह चैंबर के सहयोग से प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा निर्यातकों को खाड़ी देशों के बाजारों से जोड़ा जा सकता है। बैठक में फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड चेन, लॉजिस्टिक्स, टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, नवकरणीय ऊर्जा और पर्यटन क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश अपनी भौगोलिक स्थिति, औद्योगिक भूमि बैंक, बेहतर अधोसंरचना और निवेश अनुकूल नीतियों के कारण प्रमुख निवेश केंद्र के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने शारजाह की विकास यात्रा की जानकारी भी ली। अब्दल्ला सुल्तान अल ओवैस ने प्रदर्शनी के माध्यम से वर्ष 1974 से अब तक शारजाह के विकास की जानकारी साझा की।

## लाल परेड मैदान में 20 को शाखा संगम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के ऐतिहासिक लाल परेड मैदान में 20 सितंबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शाखा संगम आयोजित किया जाएगा। दोपहर करीब तीन बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में संघ के सह सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले मुख्य रूप से शामिल होंगे और स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम में भोपाल विभाग के अंतर्गत आने वाले संगठनात्मक जिलों भोपाल, प्रताप, भोजपुर, तात्या टोपे और विद्युत नगर से करीब 30 हजार पूर्ण गणवेशधारी स्वयंसेवकों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन के दौरान स्वयंसेवक एक साथ समता, शारीरिक व्यायाम, दंड प्रयोग और योग का प्रदर्शन करेंगे।

संघ के शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में शाखा संगम को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संगठन ने शताब्दी वर्ष के दौरान मोहल्ला शाखाओं के गठन और विस्तार की योजना बनाई थी।

## बाढ़ और कानून व्यवस्था के कारण प्रदेश में निकाय-पंचायत चुनाव स्थगित

### 29 सितंबर को प्रस्तावित मतदान टला, सुसनेर को छोड़कर सभी संबंधित क्षेत्रों में चुनाव प्रक्रिया रुकी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में बाढ़, कानून व्यवस्था और अन्य परिस्थितियों के चलते 29 सितंबर को प्रस्तावित नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव तथा उपचुनाव स्थगित कर दिए गए हैं। जिला कलेक्टरों और जिला निर्वाचन अधिकारियों ने मौजूदा हालात में चुनाव कराने में असमर्थता जताई थी, जिसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने यह निर्णय लिया।

आयोग ने आगर-मालवा जिले की सुसनेर नगर परिषद को छोड़कर संबंधित सभी नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव स्थगित कर दिए हैं। परिस्थितियां अनुकूल होने के बाद कलेक्टरों की रिपोर्ट के आधार पर नई चुनाव तिथियों की घोषणा की जाएगी।


पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव प्रक्रिया 8 सितंबर से नामांकन के साथ शुरू होनी थी। 15 सितंबर तक नामांकन जमा किए जाने थे, जबकि 16 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच और 18 सितंबर तक नाम वापसी की तिथि निर्धारित थी। मतदान 29 सितंबर को होना था।

स्थानीय निकाय चुनाव में टीकमगढ़ नगरपालिका और धार जिले की कुक्षी नगर परिषद में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रस्तावित थे। इसके अलावा विभिन्न नगरीय निकायों में रिक्त 26 पार्षद पदों पर उपचुनाव होना था।

पंचायत उपचुनाव में 7 जिला पंचायत सदस्य, 28 जनपद पंचायत सदस्य, 110 सरपंच और 4090 पंच पदों के लिए मतदान प्रस्तावित था। सरपंच और जनपद पंचायत सदस्य पदों की मतगणना 3 अक्टूबर को तथा जिला पंचायत सदस्य और पंच पदों के परिणाम 5 अक्टूबर को घोषित किए जाने थे। नगरीय निकायों में इंदौर, ग्वालियर, सागर, कटनी और खंडवा सहित कई शहरों के रिक्त वार्डों में उपचुनाव प्रस्तावित थे। दमोह, इटारसी, मुलताई, दतिया, कोतमा, आष्टा और विदिशा समेत अन्य नगरीय क्षेत्रों में भी पार्षद पदों के लिए मतदान होना था।





#### • बड़े साहब से पीछे कैसे रहें...



बड़े साहब इन दिनों धार्मिक आयोजनों में बहुत बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। सरकारी आयोजन हो या मुखिया के निवास पर, हर जगह इन दिनों भक्तिमय वातावरण में बड़े साहब डूबे हुए हैं। जब बड़े साहब इतने बड़े भक्त हैं तो फिर छोटे कैसे पीछे रहें?

#### • बंगले का काम...



चार इमली क्षेत्र में रहने वाले एक बड़े साहब को अचानक अपने बंगले में कुछ एक्स्ट्रा कमरे बनवाने का मन हुआ। किस्मत ने साथ दिया, स्वीकृति के साथ काम भी प्रगति पर है। लेकिन साहब के बंगले के काम से पड़ोसी कुछ ज्यादा ही परेशान हैं। सुबह-शाम टहलते समय एक ही विषय होता है। पड़ोसियों के बीच चर्चा होती है कि हम कब अपने बंगले में काम करवा पाएंगे। यह ताना रोज-रोज घर में ही सुनाई देता है।

#### • फाइल पर तो सहमति, लेकिन...




एक बड़े साहब ने बहुत जोर लगाकर अपने लिए मनचाहा विभाग प्राप्त करने के सभी रास्ते तय कर लिए हैं। ऐसा मानकर चल रहे हैं कि जल्द ही आदेश भी जारी हो जाएंगे, लेकिन विघ्नसंतोषी बहुत से हैं।

#### • साहब एक, गाड़ियां अनेक...




मंत्रालय के अति महत्वपूर्ण विभाग के सर्वेसर्वा बड़े साहब का गाड़ी प्रेम इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। मुख्यमंत्री जी और प्रधानमंत्री जी की मितव्ययिता की अपील का असर भी साहब पर नहीं हो रहा है। साहब के बंगले पर लगभग एक दर्जन गाड़ियां अंदर-बाहर खड़ी रहती हैं और साहब की नजर अपने विभाग के अधिकारियों पर भी बनी रहती है कि कहीं उनसे अच्छी गाड़ी उनके सहयोगियों के पास तो नहीं।

#### • सरकारी सामान, निजी के अरमान...



एक बड़े ओहदेदार आने वाले महीनों में रिटायर हो जाएंगे। साहब के बड़े अरमान हैं कि सरकारी बंगले जैसी व्यवस्था उनके निजी बंगले में भी बनी रहे, लेकिन यह संभव कैसे होगा, यही समझ नहीं आ रहा है। क्योंकि पद पर रहते हुए तो सब मुफ्त की मलाई मिलती है। लगभग 35 वर्षों तक मुफ्त की मलाई उड़ाने वाले अब रास्ता ढूंढ रहे हैं।

#### • संवेदनाओं से परे साहब...



इन दिनों मध्यप्रदेश के एक जिले में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं की बदतर हालत और बढ़ती मौतों के मामले में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जब साहब से एक्शन लेने की बात कही तो साहब का आमजन के प्रति असंवेदनशील चेहरा सामने आया।

## जिम 365 डिग्री के पांच ठिकानों पर सीजीएसटी की कार्रवाई



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग ने जिम 365 डिग्री के पांच ठिकानों पर छापेमारी कर जांच की। कार्रवाई के दौरान एक करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी का मामला सामने आने का दावा किया गया है। जांच में पाया गया कि जिम में बिल जारी नहीं किए जा रहे थे और इसके माध्यम से कर की चोरी की जा रही थी।

जिम संचालक के चूनाभट्टी, कोहेफिजा, बावड़िया कलां, सिंधी कॉलोनी और जेके रोड स्थित प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई। केंद्रीय जीएसटी के करीब 30 अधिकारियों की टीम ने एक साथ पांचों स्थानों पर जांच की। यह कार्रवाई प्रधान आयुक्त एन पदमश्री के निर्देश पर हुई और अतिरिक्त आयुक्त जी. मनिगंडा स्वामी ने टीम का नेतृत्व किया।

जांच में यह भी सामने आया कि सितंबर 2025 में जीएसटी नियमों में बदलाव के बाद संबंधित संस्थाओं के लिए कर क्रेडिट की व्यवस्था समाप्त हो गई थी। इसके बाद ऐसे प्रतिष्ठानों को पांच प्रतिशत जीएसटी जमा करना था। आरोप है कि जिम संचालक की ओर से यह कर जमा नहीं किया जा रहा था।

**▸▸ जांच में एक करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी का मामला सामने आया**

**▸▸ दस्तावेजों की जांच जारी**

केंद्रीय जीएसटी की कार्रवाई सोमवार से शुरू हुई थी। जांच पूरी नहीं होने पर रात में जिम 365 डिग्री के प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया था। अधिकारियों की टीम आगे भी दस्तावेजों की जांच करेगी। जांच पूरी होने के बाद कर चोरी की राशि जमा कराने की कार्रवाई की जा सकती है।

उधर, राज्य जीएसटी की भोपाल टीम ने राजगढ़ जिले के सारंगपुर में बड़े किराना कारोबारियों के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। बिलिंग व्यवस्था, बिक्री और जीएसटी से जुड़े दस्तावेजों की जांच की गई। बिना बिल बिक्री और जीएसटी नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली बिल बकाया, पांच शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विद्युत बिल की बकाया राशि जमा नहीं करने वाले पांच शस्त्र लाइसेंसधारियों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की पहल पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दतिया ने यह कार्रवाई की है। महाप्रबंधक वृत्त दतिया धर्मेंद्र कौशिक द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर राधेश्याम, अरविंद कुमार यादव, मनोहर कुशवाहा, बद्री प्रसाद और अशोक श्रीवास्तव के शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किए गए हैं। संबंधित लोगों को शस्त्र और कारतूस थाने में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन के अनुसार संबंधित बकायादारों को पहले कारण बताओ सूचना जारी की गई थी, लेकिन लंबे समय से विद्युत बिल का भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद यह कार्रवाई की गई। दतिया जिले में विद्युत बकाया वसूली अभियान के तहत पहले भी करीब 200 शस्त्र लाइसेंसधारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। कार्रवाई के बाद 73 बकायादारों ने बकाया राशि जमा कराई।

## सेवा संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक बनाने जुटे युवा मोर्चा कार्यकर्ता

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत युवा मोर्चा की ओर से निकाली जाने वाली सेवा संकल्प यात्रा को लेकर बैठक आयोजित की गई। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और राष्ट्रीय प्रकोष्ठ संकुल संयोजक विष्णुदत्त शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा और सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुजरात के वडनगर से उत्तर प्रदेश के वाराणसी तक निकाली जाने वाली यात्रा को मध्य प्रदेश में ऐतिहासिक बनाया जाए। उन्होंने युवा मोर्चा से अभियान के सभी आयोजनों को बेहतर ढंग से संपन्न करने का आह्वान किया।

विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू होने वाला सेवा संकल्प अभियान सेवा, स्वच्छता और जनकल्याण से जुड़ा है। यात्रा के माध्यम



से केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने बताया कि जल, जन, सेवा संकल्प यात्रा 16 सितंबर से 7 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी जिलों में निकाली जाएगी। कार्यक्रम का संचालन भाजपा प्रदेश मंत्री क्षितिज भट्ट ने किया। इस दौरान युवा मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य भक्ति शर्मा मंचासीन रहीं।

**कार्यशाला** *राज्यपाल का निजी विश्वविद्यालयों से शोध, अनुसंधान और नई पीढ़ी तक ज्ञान परंपरा पहुंचाने का आह्वान*

## भारतीय ज्ञान परंपरा में व्यावहारिकता और जीवन का गूढ़ दर्शन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा अनंत काल से शाश्वत रही है, जिसमें व्यावहारिकता, गहनता और जीवन का गूढ़ दर्शन समाहित है। इस गौरवशाली परंपरा को वर्तमान और भावी पीढ़ियों तक सार्थक रूप से पहुंचाने के लिए शोध और अनुसंधान को बढ़ावा देना आवश्यक है।

राज्यपाल मंगलवार को मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग और निजी विश्वविद्यालय संघ के संयुक्त तत्वावधान में कुशाभाऊ सभागार में



आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला का विषय भारतीय ज्ञान परंपरा के विकास में निजी विश्वविद्यालयों का योगदान था। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति प्रकृति पूजक है और प्रकृति के पांचों तत्व हमारी जीवन संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने निजी विश्वविद्यालयों से अपेक्षा की कि वे भारतीय परंपरा और उसके ज्ञान तत्वों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी स्वीकार करें तथा विद्यार्थियों को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्षम बनाएं।

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल पाठ्यक्रम का विषय नहीं, बल्कि समाज जीवन में मौजूद व्यावहारिक ज्ञान की समृद्ध परंपरा है। उन्होंने निजी विश्वविद्यालयों से भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष प्रकोष्ठ गठित करने का आग्रह किया।

शिक्षा संस्कृति और उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी, अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन और अन्य वक्ताओं ने भी भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण, शोध और आधुनिक शिक्षा के साथ समन्वय पर विचार रखे। कार्यशाला में डॉ. खेमसिंह डेहरिया, डॉ. संजीव अग्रवाल, अशोक कड़ेल और डॉ. अजीत सिंह पटेल सहित शिक्षाविद् उपस्थित रहे।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com